प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 28.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य में 13 नवंबर को 43 सीटों पर होनेवाले पहले चरण के चुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की आज हो रही है जांच, 30 अक्टूबर तक नाम वापस ले सकेंगे प्रत्याशी।
- झारखंड विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मम्मी पापा वोट दो अभियान शुरू, स्कूलों में छात्रों ने अपने माता–पिता को लिखा पत्र।
- दूसरे चरण के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी, भाजपा ने बरहेट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ गमालियम हेम्ब्रम को बनाया उम्मीदवार, टुंडी से विकास महतो लड़ेंगे चुनाव।
- झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा ने कांग्रेस के सभी पदों से दिया इस्तीफा, भाजपा में हुए शामिल।

**************************

झारखंड में पहले चरण के मतदान के लिये नामांकन पत्रों की आज जांच की जा रही है। इस चरण के मतदान के लिये कुल आठ सौ पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किये है। 13 नवंबर को 43 निर्वाचन क्षेत्रों में पहले चरण के लिए मतदान होगा। 30 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। वहीं मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। इस बीच राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से अलग–अलग हिस्सों में तलाशी अभियान के दौरान 57 करोड 67 लाख रुपये से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गई है। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के तहत 19 प्राथमिकी भी दर्ज की गई हैं।

**************************

झारखंड के आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक विशेष पहल की गई है। इसके अंतर्गत स्कूलों में छठी से 12वीं कक्षा तक के छात्र–छात्रा मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अपने माता–पिता को पत्र लिखा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने बताया कि छात्रों के माता–पिता तथा अभिभावक शाम 5 बजे से 7 बजे के बीच सोशल मीडिया पर हैशटैग मम्मी पापा वोट दो के साथ पत्रों को साझा करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यह स्वीप कार्यक्रम का हिस्सा है।

**************************

झारखंड विधानसभा चुनाव में बरहेट सीट से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ भाजपा ने गमालियम हेम्ब्रम को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं टुंडी सीट से झामुमो के मथुरा महतो के खिलाफ भाजपा ने विकास महतो को टिकट दिया है। इन दोनों उम्मीदवारों की आज औपचारिक रूप से घोषणा कर दी गई है। इससे पहले 19 अक्टूबर को भाजपा की पहली सूची में 66 उम्मीदवारों का ऐलान किया गया था, जिसमें 11 महिलाएं भी शामिल थीं।

**************************

राज्य में दूसरे चरण के चुनाव के लिए 38 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया जारी है। गिरिडीह में आज सभी प्रमुख दलों के प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे। धनवार विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के बाद एक सभा होगी जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा और भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र कुमार राय उपस्थित रहेंगे। गिरिडीह से भाजपा प्रत्याशी निर्भय कुमार शहाबादी भी नामांकन दाखिल करेंगे। उनके नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान गिरिडीह पहुंच चुके हैं।

**************************

डुमरी विधानसभा सीट से झामुमो की प्रत्याशी और राज्य की महिला एवम बाल विकास मंत्री बेबी देवी नामांकन दाखिल करेंगी। नामांकन के समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। आज ही आजसू प्रत्याशी के रूप में डुमरी से यशोदा देवी नामांकन दाखिल करेगी। इस मौके पर भाजपा और आजसू के कई बड़े नेता उपस्थित रहेंगे।

इन सीटों पर नामांकन पत्रों की जांच 30 अक्टूबर को होगी तथा एक नवंबर तक नाम वापस लिया जा सकेगा। दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोट डाले जायेंगे।

*************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*************************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानस सिन्हा ने कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा देकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। श्रीसिन्हा ने आज राजधानी रांची में झारखंड भाजपा के चुनाव सह–प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ली।
उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को चिट्ठी लिखकर अपने इस्तीफे की जानकारी दे दी है।

*************************

गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने हेमंत सोरेन सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। श्रीदुबे ने कहा कि संथाल परगना में आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है।

*************************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनाव में लगे कुछ अधिकारियों पर चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए भारतीय निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर शिकायत की है। रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंन तीनों पदाधिकारियों को चुनाव कार्य से अलग करने की मांग की है।

*************************

भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि झामुमो अपने काले कारनामे छुपाने के लिए अधिकारियों पर झूठा आरोप लगा रहा है। श्रीप्रकाश ने कहा कि –हेमंत सोरेन की सरकार चुनाव लड़ने से पहले ही हार मान गई है।

*************************

झारखंड के जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ जदयू नेता सरयू राय और उनके विरोधी कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने आज जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान सरयू राय ने मंत्री बन्ना गुप्ता पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।
इस बीच झारखंड के मंत्री और जमशेदपुर पश्चिमी से कांग्रेस उम्मीदवार बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरयू राय उनके लिए नहीं बल्कि भाजपा के लिए चुनौती हैं।

*************************

लोहरदगा जिला में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

*************************

कुछ संक्षिप्त खबरें

- विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर हजारीबाग समाहरणालय परिसर से दो नए एलईडी जागरूकता वाहन को रवाना किया गया।
- सरायकेला–खरसावां जिले में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला पुलिस और सीआईएसएफ बलों ने फ्लैग मार्च किया।
- लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई।

****************